नवभारत टाइम्स

मुंबई एयरपोर्ट पर यात्री ने चप्पल में छिपा रखा था 11 लाख का सोना

नवभारतटाइम्स.कॉम| Apr 5, 2019, 10.27 AM IST

चप्पल के अंदर रखा सोना

मुंबई

मुंबई इंटनैशनल एयरपोर्ट पर एक यात्री की चप्पल से 11,12,139 रुपये का सोना जब्त किया गया है। यात्री राहत अली बुधवार की रात उड़ान संख्या G 8-056 के जरिए बहरीन से मुंबई पहुंचा था। राहत अली विस्तारा एयरलाइंस के विमान से दिल्ली जाने की फिराक में था। इसी बीच सुरक्षाकर्मियों ने उसकी जांच की तो पता सोने की तस्करी का खुलासा हुआ।

सीआईएसएफ प्रवक्ता हेमेंद्र सिंह ने बताया कि विमान में चढ़ने से पहले राहत अली सीआईएसएफ के हत्थे चढ़ गया। राहत ने चप्पल की सोल के अंदर 381 ग्राम के दो सोने के बिस्किट छिपा रखे थे। इनका वजन करीब 381 ग्राम था। बता दें कि तस्कर अक्सर सोने और अन्य कीमती धातुओं की तस्करी के लिए नए-नए तरीके तलाशते रहते हैं।

शौचालय से 1.22 करोड़ की सोने की छड़ें बरामद

इससे पहले पिछले साल मार्च में दुबई से मेंगलुरु पहंचे एक विमान के शौचालय से 1.22 करोड़ रुपये मूल्य की चार सोने की छड़ें बरामद की गईं थीं। सीमा शुल्क के अधिकारियों ने बताया कि जेट एयरवेज के एक विमान के शौचालय से एक-एक किलोग्राम वजन वाली सोने की छड़ें बरामद हुई थीं। पिछले साल ही डीआरआई ने मुंबई एयरपोर्ट पर एक यात्री विमान की 3 सीटों के नीचे से करीब साढ़े 4 करोड़ रुपये मूल्य का सोना जब्त किया था।

डीआरआई ने इस संबंध में तीन यात्रियों को गिरफ्तार किया था। इन आरोपियों ने अपराध को स्वीकार कर लिया था और कहा था कि सोना छिपाने पर उन्हें पैसे देने का लालच दिया गया था। उन्हें दुबई में यह सोना दिया था और कहा गया था कि जब यह विमान भारत में घरेलू उड़ान भरेगा, तब कोई व्यक्ति इसे कलेक्ट कर लेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक संदेह से बचने के लिए तस्कर इस तरह के तरीके का इस्तेमाल करते रहते हैं, क्योंकि घरेलू यात्री जांच एजेंसियों के निशाने पर कम होते हैं।